।। कार्यालय सहायक पलिस आयुक्त रामगंज जयपुर (उत्तर) ।।

क्रमाक :—1142 **दिनांक :—01.06.2020**

श्रीमान पुलिस उपायुक्त,
(उत्तर) जयपुर ।

विषयः— राजस्थान सम्पर्क परिवाद द्वारा ज्ञानेश कुमार के संबंध में।
प्रसंगः— राजस्थान सम्पर्क परिवाद क्रमांक 05200677806309 के सन्दर्भ में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एंव प्रसांगिक परिवाद कें सन्दर्भ में निवेदन है कि राज0 सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त उक्त परिवाद की जांच रिपोर्ट इस कार्यालय के पत्रांक 1135 दिनांक 29.05.2020 द्वारा भिजवाई गई थी। तथापि प्रासंगिक पत्र के संदंर्भ मे पुनः निवेदन है कि उक्त परिवाद की जांच थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट सें करवाई जाकर रिपोर्ट प्राप्त की गई। थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट ने रिपोर्ट प्रेषित कर अवगत कराया कि परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार निवासी ए—1 झारखण्ड अपार्टमेन्ट झारखण्ड मोड संगत सिंह मोड जनरल सिंह मार्ग वैशालीनगर जयपुर का परिवाद इस आशय का प्राप्त हुआ कि दिनाकं 18.05.2020 को प्रमुख समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका जयपुर संस्करण में प्रकाशित खबर शीर्षक कोरोना वारियर्स के सम्मान में उडी सोशल डिस्टेसिंग की धज्जिया के सम्बन्ध में प्राप्त हुआ।

आदि परिवाद के सम्बन्ध में निवेदन है कि दिनांक 17.05.2020 को इलाका गलतागेट थाना वन विहार कालोनी में कोरोना वारियर्स का सम्मान समारोह मौहल्ले के वासियो द्वारा कोरोना वारियर्स का हौसला बढाने के लिये आयोजित किया गया था उक्त सम्मान समारोह जिसमे स्थानीय पार्षद, नगर निगम, डाक्टर व नर्सिग स्टाफ व स्थानीय विधायक महोदय के साथ साथ वन विहार कालोनी के गणमान्य लोग मौजूद थे जो पुरी तरह सोशल डिस्टेगिंग करते हुये गोले लगाकर खडे हुये थे इस बात की तस्दीक थानाधिकारी गलतागेट द्वारा बीट कानि मालीराम को भेजकर की गई थी। सोशल डिस्टेगिग से खडे रहने के बाद ही थानाधिकारी गलतागेट, बीट कानि व निर्भया स्कवायड दस्ता के वहाँ से फ्लैग मार्च करता हुआ निकला था, फ्लैग मार्च के समय गाडियो का साईरन बजने लगा तो लोग एकदम से अचानक अपने अपने घरो से बाहर निकल आये व भीड बढने लगी जिस पर स्थानीय लोगो द्वारा भीड को अपने अपने घरो में भेज दिया गया था।

अतः जांच रिपोर्ट अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है।

(राजेन्द्र सिंह नैन)
सहायक पुलिस आयुक्त,
रामगंज जयपुर (उत्तर)